भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1643
03 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए

प्रशिक्षण संस्थानों और नागरिक-सैन्य जुड़ाव का विस्तार

1643. श्रीमती सुधा मूर्ती:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार, देश की सेवा करने के प्रति युवाओं में बढ़ती रुचि को देखते हुए, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की तरह कोई अतिरिक्त संस्थान या परिसर स्थापित करने पर विचार कर रही है; और

(ख) संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में चल रही नागरिक-सैन्य जुड़ाव पहलों का ब्यौरा क्या है और क्या स्थानीय युवाओं के मार्गदर्शन और सामुदायिक विकास के लिए इन कार्यक्रमों का और विस्तार करने की कोई योजना है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) जी नहीं।

(ख) भारतीय सेना स्थानीय निवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने और सामुदायिक विकास के उद्देश्य से संघ राज्य-क्षेत्र लद्दाख में 'ऑपरेशन सद्भावना' के अंतर्गत नागरिक-सैन्य जुड़ाव पहल चला रही है। किए जा रहे कार्यों की योजना और निष्पादन को स्थानीय समुदाय सदस्यों/नागरिक प्रशासन को शामिल करते हुए एक सहभागी मॉडल पर आधारित किया जाता है और इन्हें राष्ट्र

निर्माण में इष्टतम योगदान देने के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (वीवीपी) सहित चल रही सरकारी योजनाओं/पहल के अनुरूप रखा जाता है। शिक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और खेल गतिविधियों के क्षेत्रों में कई परियोजनाएं शुरू की गई हैं। 'ऑपरेशन सद्भावना' एक सतत पहल है और वर्ष-दर-वर्ष स्थानीय आबादी को इसके अधिकाधिक लाभ मिल रहे हैं।